PRESS CLIPPINGS

Date : 5th Nov 2014

Sub: ICFAI University Jharkhand Conducted MDP on Financial Intelligence on 4th Nov 2014

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com
यूथ & कैंपस
रांची, बुधवार
05.11.2014 | 19

वित्तीय ज्ञान संवारेगा कैरियर: प्रो राव

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड की ओर से वित्तीय प्रबंधन और कौशल विकास पर मंगलवार को रांची में कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसका उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने किया. उन्होंने कहा कि वित्तीय ज्ञान और कौशल विकास से प्रबंधकों का कैरियर संवर सकता है. रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ केके नाग ने कहा कि प्रबंधकों का फाइनांसियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता होनी जरूरी है. डीन डॉ बीएन सिंह ने कहा कि कार्यक्षमता के विकास में विवि की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. मौके पर डॉ हरिहरण, डॉ एससी स्वेन, प्रो सुमित सिन्हा, प्रो सुदीप्ता मजुमदार ने भी अपने विचार रखे. कई पेशेवरों ने कार्यशील पूंजी प्रबंधन और बैलेंस शीट विश्लेषण की जानकारी भी दी.

रांची एक्सप्रेस
रांची, बुधवार 5 नवम्बर 2014

इक्फाई में सेमिनार

'वित्तीय ज्ञान की भूमिका निर्णय लेने में अहम'

रांची, 4 नवम्बर (रां.ए.सं.) : इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में 'वित्तीय कौशल एवं प्रबंधन विकास पर आज सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का उद्घाटन करने के बाद कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि वित्तीय ज्ञान और कौशल की भूमिका प्रबंधकीय निर्णय लेने में अहम होती है। प्रबंधकों के कैरियर विकास के लिए भी वित्तीय ज्ञान का होना जरूरी है।

इस अवसर पर प्रो. के.के. नाग, डा. बी.एम. सिंह, डा. हरिहरन सहित अन्य विशिष्ट लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। सेमिनार में झारक्राफ्ट जैसे संगठन में कार्यरत प्रबंधकों ने भी हिस्सा लिया।

सेमिनार का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते विशिष्टजन। छाया : आसिफ

खबर मन्त्र
4 रांची.बुधवार, 5 नवंबर. 2014
web www.khabarmantra.com

वित्तीय कौशल प्रबंधन विकास पर कार्यशाला

खबर मन्त्र रिपोर्टर

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड द्वारा व्यावसायिक विकास के लिए वित्तीय कौशल पर एक प्रबंधन विकास कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। झारक्राफ्ट जैसे संगठनों के प्रबंधकों ने भाग लेकर छात्रों को प्रबंधन विकास के लिए वित्तीय कौशल की जानकारी दी।

कार्यशाला में शामिल पदाधिकारी।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए इक्फाई विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि वित्तीय ज्ञान और कौशल प्रबंधकीय निर्णय लेने में एक आवश्यक कारक है। संस्थान में कार्यरत सभी प्रबंधकों को वित्तीय ज्ञान की आवश्यकता उन्हें एक सफल प्रबंधक बनाने में मददगार साबित होती है। कार्यशाला के दौरान विवि के केके नाग, डॉ बीएम सिंह, डॉ हरिहरन आदि ने विचार रखे। मौके पर विवि के डॉ एससी स्वेन, सुमित सिन्हा, प्रो सुदीप्ता मजुमदार एवं छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया।

रांची LIVE युवा
बुधवार, 05 नवंबर 2014
हिन्दुस्तान 18

प्रबंधकों ने जाना वित्तीय कौशल

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय में मंगलवार को वित्तीय कौशल पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें झारक्राफ्ट में काम कर रहे प्रबंधकों ने भाग लिया। संस्थान के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि सभी प्रबंधकों को वित्तीय ज्ञान की आवश्यकता अपने करियर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ केके नाग ने वित्तीय कौशल के अधिग्रहण और अपने नियोक्ता संगठनों के प्रदर्शन में योगदान करने के लिए प्रबंधकों का आह्वान किया। रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने कहा कि प्रबंधकों को कौशल उन्नयन के लिए विवि ने काफी काम किया है।

THE TELEGRAPH RANCHI WEDNESDAY 5 NOVEMBER 2014 9
XXRE
METRO

Course

Ranchi: ICFAI University Jharkhand conducted a daylong development programme on financial intelligence for professional growth on Tuesday for working managers. Vice chancellor O.R.S. Rao stressed on the need for financial knowledge and skills for taking effective managerial decisions.